# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जून 2024 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

**I.** चयन एवं नियुक्तियों का सारांश:

i. पीएसईबी, डीओपीटी द्वारा 13 (तेरह) पदों [सीएमडी/एमडी के पद के लिए 02 (दो) और निदेशक के पद के लिए 11 (ग्यारह) ] के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे ।

ii. 07 (सात) चयन बैठकें [सीएमडी/एमडी के लिए 03 (तीन) और निदेशकों के लिए 04 (चार) बैठकें] आयोजित की गईं।

iii. केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत, सचिव का 01 पद तथा उप सचिव/निदेशक के 09 पद भरे गए हैं। वर्तमान में, केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत, अपर सचिव के 16 पद, संयुक्त सचिव के 38 पद तथा उप सचिव/निदेशक स्तर के 60 पद रिक्त हैं।

iv. मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची ए और बी सीपीएसई/पीएसबी/एफआई/रेलवेबोर्ड में 10 मामलों (अर्थात सीएमडी/एमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशक/डीएमडी/महानिदेशक/महाप्रबंधक/सदस्य) में नियुक्तियों को मंजूरी दी।

v. विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 03 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्तियों और स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों/निदेशकों की 02 नियुक्तियों को एसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया है।

vi. मंत्रिमंडल सचिव/एसीसी ने निम्नलिखित प्रस्तावों को मंजूरी दी (डीएस/निदेशक स्तर) :

| विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|
| पीएस/ओएसडी के रूप में नियुक्ति | 18 |
| सेवा अवधि विस्तार | 04 |
| समयपूर्व प्रत्यावर्तन | 05 |

**II.** स्थापना संबंधी मामले

(क) मूल नियम (एफआर) 56(जे) (I) और सीसीएस (पेंशन) निय )। (जे) 1972 के नियम 48 [अब, सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 के नियम 42 के रूप में संशोधित] के तहत, प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारियों की आवधिक समीक्षा के संबंध में दिनांक 27.06.2024 को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया था ।

(ख) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों (एमडीओ) द्वारा सभी सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति सिस्टम (ए.ई.बी.ए.एस) के कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 15.06.2024 को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया था।

(ग) पद को अस्थायी रूप से स्तरोन्नत करके और पद के भर्ती नियमों को आस्थगित रखते हुए, श्री राकेश रंजन, आई.ए.एस (मणिपुर:92) को सचिव, भारत सरकार के रैंक और वेतन में दिनांक 29.05.2024 से अध्यक्ष, कर्मचारी चयन आयोग के पद पर नियुक्त करने से संबंधित अधिसूचना 31.05.2024 को जारी की गई थी।

(घ) श्री राजीव श्रीवास्तव की एसएससी के सदस्य के पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि को 03 महीने की अवधि के लिए बढ़ाने के संबंध में दिनांक 21.06.2024 को एक पत्र जारी किया गया था।

(ङ) लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 21.06.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

(च) लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) नियम, 2024 के संबंध में दिनांक 23.06.2024 को अधिसूचना जारी की गई।

(छ) वर्ष 2018-2023 के लिए सीएसएस अधिकारियों (निदेशक ग्रेड) की एसएसजीएसएल की समीक्षा की गई है, जिसमें कुल 486अधिकारी और एसएसजीएसएल-2017 में एक नया समावेशनशामिल है।

(ज) एसएसजीएसएल-2024 और एसजीएसएल-2024 के लिए पैनल तैयार कर लिया गया है।

(झ) एसएसजीएसएल-2024 (निदेशक ग्रेड) में 07 सीएसएस अधिकारियों और एसजीएसएल-2024 (उपसचिवग्रेड) में 04 सीएसएस अधिकारियों का नवीन समावेशन किया गया है, तथा एसजीएसएल-2023 में 01 नए सीएसएस अधिकारी को शामिल किया गया है।

(ञ) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने माह के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए-

i ग्रेड 'सी' स्टेनोग्राफर सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा-2023 और 2024 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीई) का परिणाम 14 जून, 2024 को घोषित किया गया।

ii वरिष्ठ सचिवालय सहायक/उच्च श्रेणी लिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा-2023 और 2024की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीई) का परिणाम 14 जून, 2024 को घोषित किया गया

iii स्नातक और उच्चतर स्तर और उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए चरण X/2022 चयन पद परीक्षा का अतिरिक्त परिणाम, 19.06.2024 को घोषित किया गया, जिसमें 20 और 120 उम्मीदवारों को आगे की जांच के लिए संबंधित श्रेणियों के तहत सफल घोषित किया गया।

iv स्नातक और उच्चतर स्तर, उच्चतर माध्यमिक स्तर और मैट्रिक स्तर के लिए चरण IX/2022 चयन पद परीक्षा का अतिरिक्त परिणाम,21.06.2024 को घोषित किया गया, जिसमें 1178, 27 और 811 उम्मीदवारों को आगे की जांच के लिए संबंधित श्रेणियों के तहत सफल घोषित किया गया।

v कनिष्ठ सचिवालय सहायक/अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा-2023 और 2024 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीई) का परिणाम 29 जून, 2024 को घोषित किया गया।

**III. सतर्कता एवं अन्य संबंधित मामले**

i. विभिन्न प्रयोजनों जैसे नियुक्ति, अंतर-कैडर प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत-से-बाहर अध्ययन अवकाश आदि के लिए**13 (तेरह) आईएएस अधिकारियों** कीसतर्कता निकासी जारी की गई।

ii. पैनल में शामिल करने के लिए**7 (सात) आईएएस अधिकारियों**की सतर्कता निकासी जारी की गई।

## IV. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

### (क) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम)

i. सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) ने 10 ऑनलाइन/ऑफलाइन कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 03 गैर-कैलेंडर पाठ्यक्रम और 07 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 988 उम्मीदवारों ने भाग लिया।

ii. आईएसटीएम द्वारा 21.06.2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन किया गया।

iii. 2023 बैच के शेष प्रतिभागियों के एएसओ डीआर बैच का शुभारंभ, 18 जून, 2024 से हुआ।

### (ख) सहायक सचिव कार्यक्रम, 2024:

सहायक सचिव कार्यक्रम , 2024 के संबंध में जून, 2024 में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गईं:

i. सहायक सचिवों ने 03.06.2024 को वाइस प्रेसिडेंट एन्क्लेव, नई दिल्ली में माननीय उपराष्ट्रपति से मुलाकात की।

ii. सभी सहायक सचिवों ने 08.06.2024 को राजघाट का दौरा किया।

iii. सहायक सचिवों ने 15.06.2024 को प्रधान मंत्री संग्रहालय का दौरा किया।

iv. माननीय राज्य मंत्री (पीपी) ने 27.06.2024 को सीएसओआई विनय मार्ग, नई दिल्ली में सहायक सचिवों के साथ बातचीत की।

### (ग) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए)

चरण-IV (18 जून से 13 जुलाई, 2024) के आईएएस अधिकारियों के लिए मध्य कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें 2000 से 2009 बैच के 83 अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### (घ) क्षमता विकास आयोग (सीबीसी)

**सीपीएसई कार्यकारीअधिकारियों के लिए नेतृत्व संचार कौशल बढ़ाने के लिए कार्यशाला :**सीबीसी ने निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के साथ मिलकर "सीपीएसई कार्यकारीअधिकारियों के नेतृत्व संचार कौशल को बढ़ाना" पर 2 दिवसीय विशिष्ट कार्यशाला आयोजित की, जिसमें 25 से अधिक पैनलिस्ट - निवेशकों, बाजार विश्लेषकों और संचार विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में, सीपीएसई अधिकारियों ने विशेषज्ञों के पैनल के समक्ष रियल-वर्ल्ड प्रजेंटेशन सिमुलेशन किया और उन्हें बाजार और संचार विशेषज्ञों से तत्काल व्यक्तिगत फीडबैक प्राप्त हुआ, साथ ही उन्हें अपनी कार्यकारी उपस्थिति और दर्शकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यनीतियां भी मिलीं ।

**ज्ञान साझेदारी :**सीबीसी ने 18 जून को सीईजीआईएस के साथ ज्ञान साझेदारी पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य व्यापक प्रशिक्षण सामग्री और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है ।

**डेनिश पेटेंट कार्यालय (डीकेपीटीओ) के सहयोग से वेबिनार:** सीबीसी ने डेनिश पेटेंट कार्यालय (डीकेपीटीओ) के सहयोग से 12 जून को फार्मास्युटिकल्स के क्षेत्र में पेटेंट परीक्षा प्रक्रियाओं पर एक वेबिनार आयोजित किया , जिसमें लगभग 270 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 21 जून को मेडिको के क्षेत्र में पेटेंट परीक्षा प्रक्रियाओं पर एक और वेबिनार आयोजित किया, जिसमें लगभग 350 लोगों ने भाग लिया।

**कार्यक्रम समन्वयकों के लिए प्रवेश (इंडक्शन) कार्यक्रम:** क्षमता निर्माण योजनाओं और अपने प्रशिक्षण कैलेंडर को लागू करने एवं निगरानी तथा रिपोर्ट उद्देश्यों के लिए एमडीओ से डेटा (प्रशिक्षण और गैर-प्रशिक्षण कार्यकलापों के लिए) एकत्र करने में एमडीओ के समन्वय और सहायता के लिए, सीबीसी द्वारा एक खुले विज्ञापन के माध्यम से शामिल (ऑन-बोर्ड) हुए कार्यक्रम समन्वयकों के साथ सीबीसी ने एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम समन्वयक डोमेन पाठ्यक्रमों के क्यूरेशन और उपभोग (कंजम्पशन) में एमडीओ की सहायता भी करेंगे तथा विश्लेषण को आई-गॉट कंटेंट टीम के साथ साझा करेंगे।

**30.06.2024 तक की स्थिति के अनुसार एनएससीएसटीआई पोर्टल पर समग्र स्थिति:**

| प्रशिक्षण संस्थान | पंजीकृत | डेस्कटॉप मूल्यांकन पर | प्रत्यायनपूर्ण |
|---|---|---|---|
| सीटीआई | 24 | 1 | 21 |
| एटीआई | 23 | 5 | 2 |
| अन्य सीएसटीआई | 258 | 25 | 100 |
| कुल | **305** | **31** | **123** |

**जून 2024 में पूरे किए गए ऑनसाइट मूल्यांकन और प्रत्यायन:**

| | | |
|---|---|---|
| रक्षा गुणवत्ता आश्वासन संस्थान (डीआईक्यूए) बैंगलोर | 04-जून-2024 | 05-जून-2024 |
| सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ, कश्मीर, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर | 06-जून-2024 | 07-जून-2024 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, तेजपुर | 11-जून-2024 | 12-जून-2024 |
| भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल | 13-जून-2024 | 14-जून-2024 |
| सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी), उत्तर बंगाल | 14-जून-2024 | 15-जून-2024 |
| केंद्रीय श्रम संस्थान, मुंबई | 18-जून-2024 | 20-जून-2024 |
| प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, मिजोरम | 24-जून-2024 | 25-जून-2024 |
| सहायक प्रशिक्षण केंद्र, बीएसएफ, खारन कैंप, होशियारपुर (पंजाब) - 146001 | 27-जून-2024 | 28-जून-2024 |

**(घ) कर्मयोगी भारत (एसपीवी)**

i. एनसीवीईटी द्वारा कर्मयोगी भारत को एक पुरस्कार प्रदाता संस्था (दोहरी श्रेणी) के रूप में मान्यता दी गई है, जो आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर शिक्षार्थियों को पुरस्कृत करने, मूल्यांकन करने और प्रमाणित करने के लिए प्राधिकृत है।

ii. कर्मयोगी भारत सभी केंद्र और राज्य पुलिस विभागों को**नए अधिनियमित आपराधिक कानूनों पर परिचयात्मक पाठ्यक्रमों के**प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान कर रहा है। 30 जून, 2024 तक कर्मयोगी भारत द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों पर तैयार किए गए सभी तीन पाठ्यक्रमों में जून, 2024 में 1,22,195 पाठ्यक्रम पूरे हो चुके हैं और आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफार्म पर कुल 5,90,954 पाठ्यक्रम पूरे हो चुके हैं।

iii. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) और राष्ट्रपति सचिवालय के लिए ई-एचआरएमएस2.0 की ई-सेवा पुस्तिका सुविधा प्रारंभ हो चुकीहै। यह सुविधा पारंपरिक कागज़-आधारित सेवा पुस्तिका को इलेक्ट्रॉनिक संस्करण से बदल देती है, जिससे परिशुद्धता, पहुँच और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। ई-सर्विस बुक को प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कागज़ी कार्रवाई कम करने और सरकारी विभागों में मानव संसाधन प्रबंधन की दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।

iv. कर्मयोगी भारत ने अपना पहला चिंतन शिविर 6 और 7 जून, 2024 को एलबीएसएनएए, मसूरी में आयोजित किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य चिंतन, कार्यनीतिक चर्चाओं के लिए एक मंच प्रदान करना औरमिशन कर्मयोगी के एक प्रमुख घटक, आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म, के लिए भविष्य की दिशा को रेखांकित करना था।

v. कर्मयोगी भारत, आई-गॉट कर्मयोगी ऐप, जिसने एंड्रॉइड और आईओएस ऐप स्टोर पर 4.5 की रेटिंग हासिल की है, के माध्यम से कहीं भी, कभी भी सीखने की सुविधा को सुदृढ़ बनाते हुए अपने उपयोगकर्ता अनुभव को लगातार बेहतर बना रहा है।

vi. जून, 2024 तक आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म ने **1.32 करोड़ से अधिक नामांकन** और 92.45 लाख से अधिक पाठ्यक्रम पूर्ण होने का आंकड़ा पार कर लिया है ।

vii. जून, 2024 तक आई-गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर **39,18,795 ऑन-बोर्डेड शिक्षार्थी** हैं। जून 2024 में कुल 3,61,034 नए उपयोगकर्ता प्लेटफॉर्म से जुड़े ।

viii. जून, 2024 में पूरे किए गए पाठ्यक्रमों की संख्या 8,78,243 थी और 30 जून 2024 तक पूरे किए गए संचयी पाठ्यक्रमों की कुल संख्या **92,45,487** थी।

ix. जून, 2024 में आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर कम से कम एक बार लॉग-इन करने वाले सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 5.44 लाख थी और 30 जून, 2024 तक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संचयी संख्या 18.47 लाख थी ।

x. जून, 2024 में आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल ने 6.8 करोड़ से अधिक मिनट की लर्निंग दर्ज की और यह संचयी रूप से 79.3 करोड़ से अधिक मिनट तक पहुंच गई ।

xi. जून-2024 में प्लेटफ़ॉर्म पर कुल तीस (30) नए पाठ्यक्रमों और एक (1) क्यूरेटेड कार्यक्रम को जोडा गया ।

**I.**